**तिरंगा यात्रा** — हर घर तिरंगा अभियान में निकाली विशाल तिरंगा रैली

# पुलिस बैंड दल के साथ स्वतंत्रता का रंग, खाकी के संग





**नवभारत, जबलपुर।** जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा पुलिस बैंड दल के साथ एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया। तिरंगा रैली पुलिस परेड ग्राउंड से घंटाघर, नौदरा ब्रिज, रसल चौक होते हुए भंवरताल गार्डन पहुंची।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति जन-जागरूकता जगाने और पूरे हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व को मनाने तथा अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में तिरंगा यात्रा पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड से निकाली गई।

### भारी संख्या में उपस्थित रहा पुलिस बल

तिरंगा यात्रा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी नगर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक, समस्त थाना प्रभारी शहर हमराह बल के तथा रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य सहित लगभग 500 की संख्या में जिला पुलिस बल, एसटीएफ, के साथ साथ, होमगार्ड, एनसीसी, नेविल विंग, स्काउट गाईड आदी उपस्थित रहे।

### देश भक्ति गीतों का प्रदर्शन

भंवरताल गार्डन में समापन के अवसर पर कलेक्टर जबलपुर दीपक कुमार सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय की उपस्थिति पुलिस बैंण्ड द्वारा देश भक्ति गीतों के धुनों का भव्य प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों द्वारा कहा गया कि तिरंगा हमारी शान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है अत: हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता निभाये अपने-अपने घरों और दुकानों में तिरंगा फहरायें और राष्ट्रीय गौरव से नई पीढ़ी को परिचित कराये।

### जिले के विद्यालयों में भी निकाली गई तिरंगा रैली



अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा तिरंगा रैली निकालकर स्वंतत्रता के उत्सव के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग के संबंध में उत्साहपूर्वक नारे भी लगाये। तिरंगा यात्रा में छात्र- छात्राओं ने भाग लिया तथा स्वतंत्रता के उत्सव और स्वच्छता के संदेश के संबंध में लोगों को बताया।



## त्यौहारों पर कहीं कचरा दिखाई न दे : महापौर

**अधिकारियों के साथ बैठक कर जगत बहादुर ने दिये निर्देश**

**नवभारत,जबलपुर।** त्यौहारों को देखते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की और तैयारियों की जानकारी ली। महापौर श्री अन्नू के द्वारा निगम के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान समय त्यौहारों का है, इसलिए शहर में साफ-सफाई व्यवस्था अतिउत्तम रखने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने माइक्रो प्लानिंग करके कार्य करने के निर्देश दिये। महापौर ने यह भी निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था के साथ-साथ लाईट की अतिरिक्त व्यवस्था करने, पर्याप्त जल व्यवस्था, एवं सड़कों के पैंचवर्क करने एवं निगम की अन्य व्यवस्थाएँ भी चाकचौबंद रहे, सभी अधिकारी अभी से अपनी-अपनी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें। महापौर ने बैठक के दौरान स्वास्थ्य अमले को यह भी हिदायत दी कि त्यौहारों में कहीं पर भी कचरा दिखाई न दे।

### ये रहे उपस्थित

बैठक के दौरान नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू, डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन और सहायक यंत्री तथा स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### औषधि वाटिका विकास के लिए पौधरोपण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के बिजली कंपनियों में चल रहे पौधारोपण अभियान के अंतर्गत, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के नयागांव परिसर में औषधीय पौधारोपण किया गया। मुख्य अभियंता राजेश द्विवेदी की पहल पर, इस अभियान का लक्ष्य एक औषधि वाटिका विकसित करना है। पहले चरण में मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा सहित विभिन्न अधिकारियों ने त्रिफला चूर्ण निर्माण में प्रयुक्त आंवला, बहेड़ा और हरेड़ जैसे औषधीय पौधे रोपे। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण की शपथ ली। मुख्य अभियंता राजेश द्विवेदी ने बताया कि आगामी चरणों में अन्य औषधीय प्रजातियों का भी रोपण किया जाएगा। ऊर्जा विभाग द्वारा दिए गए पौधारोपण लक्ष्य की पूर्ति के लिए, जबलपुर मुख्यालय सहित प्रदेश भर में एम.पी. ट्रांसको के सभी कार्यालयों, सबस्टेशनों और ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस मुख्यालयों में चरणबद्ध तरीके से यह अभियान संचालित होगा। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड़, दिनेश शाक्यवार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आर.एस. पांडे, सुरेन्द्र सोलंकी, राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भारतीय ड्यूबॉल टीम में तीन छात्राओं का चयन



**जबलपुर।** ड्यूबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित की जा रही पहली अंतरराष्ट्रीय साउथ एशियन ड्यूबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 17 से 19 अगस्त तक कराईकुड़ी तमिलनाडु में होने जा रहा है। इसमें बांग्लादेश, मालदीव, श्रीलंका, अफगानिस्तान एवं नेपाल तथा मेजबान भारत की पुरुष एवं महिला टीमें में भाग लेने जा रही हैं। भारतीय ड्यूबॉल टीम में मध्य प्रदेश की पलक चंसोरिया, महक जायसवाल एवं खुशी बेन का चयन किया गया है। ये खिलाड़ी 11 तारीख को वाराणसी - रामेश्वरम एक्सप्रेस से रवाना हो रही हैं। इस उपलब्धि पर पश्चिम क्षेत्र विधायक राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर अन्नू, मध्य प्रदेश सचिव रजनीश जैन, रंगभूमि के संचालक, सी के भनोट, सेठी सर, प्राचार्य मौसी दुबे सनातन धर्म पब्लिक स्कूल, प्राचार्य मोनिका पोपली सेंट्रल एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल, फादर जैन आनटन रोज सैंट अलोयसियस महाविद्यालय, हरीश दुबे, रोहिल्ला पिल्ले स्पोर्ट्स ऑफिसर सैंट अलोयसियस महाविद्यालय, ने शुभकामनाएं दी है। उक्त खिलाड़ी सनातन धर्म पब्लिक स्कूल में खेल परिसर में हरमंदिर सिंह ढिल्लन (अंतरराष्ट्रीय कोच) एवं जगपाल सिंह ढिल्लन की देखरेख में अभ्यासरत हैं।

### डॉ. सलमा की चार कृतियों का विमोचन आज



**जबलपुर।** अखिल भारतीय हिंदी सेवा समिति, पाथेय एवं वर्तिका संस्था के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सलमा जमाल की चार कृतियां सोचा न था, ये बहुरानियाँ,प्यारी मामुलिया एवं गुल्लू मेरा नाम का विमोचन समारोह आज शाम 5.45 बजे से कला वीथिका में आयोजित है। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू होंगे। अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे करेंगे। संतोष नेमा संतोष, राजेश पाठक प्रवीण एवं आशुतोष तिवारी ने साहित्य प्रेमियों से उपस्थित का आग्रह किया है।



## हेल्पिंग हैंड्स द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

**जबलपुर।** हेल्पिंग हैंड्स एसोसिएशन छात्र-छात्राओं और जरूरतमंदों की मदद करने सदैव तत्पर रहता है। इसी श्रंखला में सोमवार को हेल्पिंग एसोसिएशन ने सेपियेंट हाईट इंटरनेशनल स्कूल के एक कार्यक्रम मे ग्रुप की सरला अशोक द्विवेदी के सौजन्य से स्कूल मे अध्यनरत बच्ची आराध्या रैकवार के जी 2 की वार्षिक फीस दस हजार एवं ग्रुप के सदस्य के सोजन्य से हितकारिणी चिल्ड्रन अकादमी मे अध्यंरत छात्र श्रेष्ठ सोनी की फीस रुपये पांच हजार स्कूल प्रशासन को सौंपी। इस दौरान खूबचंद मलगानी, शरद नेमा, चरन जीत सिंघ अरोरा, रवि अरोरा अध्यक्ष, पूजा कोष्टा, सरला अशोक द्विवेदी, मगन पटेल, दीपक जैन, वालजी भाई पटेल उपस्थित रहे।

## युवा शक्ति ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र की शक्ति है : विमला बहन

**अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर विचार गोष्ठी**




**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सशक्त युवा सशक्त भारत विषय पर एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. ऋचा शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं अध्यक्ष, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जबलपुर; एडवोकेट शिशिर नेमा, अध्यक्ष, टैक्स बार एसोसिएशन जबलपुर; एवं सीए कमल वलेचा, अध्यक्ष, फ्रेंड ऑफ ट्राइबल सोसाइटी यूवा जबलपुर उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी विमला ने कहा, युवा शक्ति ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र की शक्ति है। यदि युवा आत्म-संयम, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को अपनाएं, तो भारत पुन: स्वर्णिम बन सकता है। डॉ. ऋचा शर्मा ने कहा, स्वस्थ शरीर और स्वस्थ दृष्टि, स्वस्थ विचारों की नींव है। युवाओं को नशामुक्त जीवन और नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनाना चाहिए, ताकि वे लंबे समय तक समाज की सेवा कर सकें।

एडवोकेट शिशिर नेमा ने कहा, युवा वर्ग को कानून और अपने अधिकारों की समझ होना जरूरी है, ताकि वे न केवल खुद को बल्कि समाज को भी न्याय और समानता की दिशा में आगे बढ़ा सकें। सीए कमल वलेचा ने कहा, आर्थिक आत्मनिर्भरता और शिक्षा, युवाओं को सशक्त बनाने के सबसे बड़े साधन हैं। सभी वक्ताओं ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और सेवा, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्रों में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी पूजा ने किया।

## देहदान बना समाजसेवा की अनूठी मिसाल


**स्व. गीता बाई काछी के परिवार ने किया उनका देहदान**



**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में संत रामपाल महाराज की शिष्या, बरगी मुहास निवासी स्वर्गीय गीता बाई काछी के दो पुत्रों चोखे काछी, करण काछी तथा पति झुन्नू काछी ने उनके निधन के पश्चात् देहदान कर दिया। स्वर्गीय गीता बाई काछी ने जीवनकाल में संत रामपाल की शिक्षाओं से प्रेरित होकर यह इच्छा जताई थी कि मृत्यु के उपरांत उनका शरीर चिकित्सा अध्ययन और अनुसंधान के लिए दान कर दिया जाए, जिससे चिकित्सा के क्षेत्र में नए चिकित्सक प्रशिक्षित हो सकें और किसी का जीवन बच सके। उनके दोनों बेटों और पति ने उनकी इस अंतिम इच्छा को पूरा करते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन से संपर्क किया और पूरी विधिवत प्रक्रिया के तहत शरीर को कॉलेज को सौंपा। मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ एन एल अग्रवाल तथा डॉ राजेंद्र कुशवाहा ने कहा इस सराहनीय कार्य के लिए 13 अगस्त को मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा उन्हें 11 बजे गॉर्ड ऑफ ऑनर से सलामी दी जाएगी।

## आशा जितनी तीव्र होगी उसमे फिर उतना तूफान आता है

**आचार्य श्री विद्यासागर जी सभा भवन में धर्म सभा**




**जबलपुर।** संस्कारधानी में चातुर्मास व्यतीत कर रहे जैन संत आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने आचार्य श्री विद्यासागर जी सभा भवन में आयोजित धर्म सभा में अपनी मंगल देशना में कहा कि कषाय की जो तीव्रता है उसको मंदतम करने का पुरुषार्थ जो करेगा उसकी आशाएं धीरे-धीरे शांत होती जाती हैं।

आशा जितनी तीव्र होगी उसमें फिर उतना तूफान आता है इसलिए बाहर दृष्टि कम रहे और भीतर का पुरुषार्थ करें,तो कषाय कम हो सकती हैं क्योंकि बाहरी परिग्रह का विमोचन बहुत जल्दी हो सकता है,10 प्रकार के परिग्रह होते हैं, अभी विषयों में आनंद आ रहा है और धर्म ध्यान करना चाह रहा है यह गलत है विषयों में जिसे आनंद आ रहा है वह धर्म ध्यान का साथी नहीं हो सकता है,स्वामी तो आप रहेंगें,आर्त ध्यान रौद्र ध्यान में अपने आत्म तत्व के प्रति उसका कोई लगाव नहीं है,मैं स्वामी हूं और मेरे सेवक हैं यह हमारे लिए हानिकारक है, घर के साथ संबंध जोड़ने में जो रस आ रहा है आत्मिक रस नहीं है,धर्म में जो आनंद आता है वह आत्मिक आनंद होता है, धर्म को छोड़कर जो आनंद आ रहा है वह विषयों का आनंद आ रहा है,परिग्रह हमारे लिए हानिकारक है ऐसा विश्वास बना लेना चाहिए, धर्म सभा के प्रारंभ में दो प्रतिमा का व्रत अंगीकार करने वाले श्रावक श्रविकाओं को जैन पंचायत सभा एवं संरक्षिणी सभा द्वारा सम्मानित किया, उन्होंने चातुर्मास कलश स्थापित किया। आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य ज्ञायक ब्रह्म एवं अभिमन्यु को मिला। आचार्य श्री जी विद्यासागर द्वारा रचित काव्य डूबो मत डुबाओ मत का विमोचन किया। सभा का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

## मध्य प्रदेश में मेडिकल शिक्षा को हिंदी में बढ़ावा

**डॉ.द्विवेदी की मानव शरीर रचना विज्ञान पुस्तक प्रकाशित**



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल कर रहा है। मेडिकल की पढ़ाई अब हिंदी में भी संभव हो रही है। इसी क्रम में 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली' के अंतर्गत 'शिक्षा स्वास्थ्य न्यास' के प्रांत संयोजक, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड सदस्य एवं म.प्र. मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के होम्योपैथी संकाय के बोर्ड ऑफ स्टडी सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी द्वारा लिखित 'मानव शरीर रचना विज्ञान' पुस्तक का प्रकाशन हुआ है। यह पुस्तक मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित की गई है।

पुस्तक लेखन में डॉ. वैभव चतुर्वेदी एमबीबीएस, एमडी और डॉ. कनक चतुर्वेदी (एमबीबीएस, एमडी स्कॉलर) का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। पुस्तक के विमोचन के बाद इसकी प्रथम प्रति मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपी गई। साथ ही, भारत सरकार के आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव को भी यह पुस्तक भेंट की। डॉ. द्विवेदी ने मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ अशोक खण्डेलवाल को हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई का निर्णय लेने के लिए साधुवाद भी दिया।

### तिरंगा रैली आज

**जबलपुर।** भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम द्वारा आज अपरान्ह 1 बजे से कल्चरल स्ट्रीट स्थित संस्कृति भवन से नगर निगम मुख्यालय तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया है। इसके पूर्व संस्कृति भवन में नगर निगम के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के लगभग 2400 कर्मचारियों के जीवन बीमा सुरक्षा गारंटी योजना एवं संविदा सफाई संरक्षकों को 9 हजार से 21 हजार वेतन करने के उपलक्ष्य में उनके साथ कजलियाँ और रक्षा बंधन का त्यौहार मनाने का आयोजन किया गया है।

**स्वास्थ्य परीक्षण** — भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा जेल में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

## सेंट्रल जेल में 412 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ जबलपुर महानगर द्वारा जबलपुर सेंट्रल जेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर में 10 अलग-अलग विधाओं के डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं देकर उपस्थित सभी बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की। जिसमें विशेष रूप से पोर्टेबल डेंटल यूनिट के माध्यम से दांतों में फीलिंग व सफाई ,व दाँत निकले गए 412 बंदियों के स्वस्थ परीक्षण हुआ।

स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर व उप जेल अधीक्षक कमलेश मदन का विशेष योग रहा। स्वास्थ्य सेवा में उपस्थित चिकित्सा डॉ विवेक जैन, डॉ हर्ष रेड्डी, डॉ नुरी खान, डॉ अंजलि खंडेलवाल, डॉ नीलांजना सिंघई,डॉ आशिमा शर्मा, डॉ रोहित चौरसिया, डॉ सचिन बुधौलिया,डॉ श्रीकांत साहू, डॉ अमरेश पांडे, डॉ आशुतोष पाठक, डॉ शबनम साकेत, डॉ मेघा रैवकवार, नेत्र रोग विशेषज्ञ सेंटर फॉर आईसाइट की टीम, डॉ आशीष वर्मा, आदि चिकित्सकों व सहायक प्रमोद गोल्हानी, करण बर्मन, जमुना यादव, ताहिर खान एवं रामू ने अपनी सेवाएँ दीं।

### महिला परिषद ने किया चिकित्सकों का स्वागत

अखिल भारतवर्ष दिगंबर जैन महिला परिषद की महिलाओं ने परिषद की तरफ से स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित सभी चिकित्सकों का स्वागत किया। इस मौके पर महिला परिषद से संभागीय अध्यक्ष सविता जैन अध्यक्ष प्राची जैन मोना जैन, निधि जैन, रश्मि पारस, शैलजा जैन, संगीता सिंघई, प्रियंका जैन, सोनम जैन, इंदिरा जैन उपस्थित थे।

NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग ● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

FIRST TIME IN INDIA
भारत में पहली बार एक मात्र आयुर्वेदिक सेंटर जहां पर ठीक होने के बाद पैसा देना पड़ता है
स्पर्श आयुर्वेदा रिसर्च
सुरक्षित आयुर्वेदिक उपचार
1013 नरसिंह बिल्डिंग अपना बाजार के सामने रानीताल चौक, जबलपुर
मो. नं. 8234092477, 9713951308, 9302791019
विशेष- एक दिन पहले नंबर लगाये।
उपलब्ध उपचार-
शुगर किडनी हार्ट ब्लाकेज सिरोसिस सफेद दाग लकवा माइग्रेन साईटिका घुटनों में दर्द एवं गेप सेक्स प्रॉब्लम (स्त्री/पुरुष) अस्थमा
IBS PCOD/PCOS FATTY LEVER CANCER

प्रवेश सूचना प्रवेश सूचना प्रवेश सूचना
(कॉलेज कोड-2174)
रेवा बी.एड. कॉलेज
NCTE उच्च शिक्षा विभाग व रानी दुर्गावती वि.वि. से मान्यता प्राप्त
* ऑनलाईन पंजीयन/आवेदन -15/07/2025 से 18/07/2025 *आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल्यदस्तावेजों टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यान हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट करना-23/07/2025 से 25/07/2025 * आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान प्रारंभ करना आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि (प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा)- 23/07/2025 से 26/07/2025
साँई डी.एड. कॉलेज
(कॉलेज कोड-71209)
माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त
67, महाकौशल नगर, अधारताल, जबलपुर
मो. 9425868370, 9407183087